an>

Title: Need to upgrade road no. 18 connecting gram panchayats of Madhubani, Supaul, Saharsa and Darbhanga districts of Bihar as National Highway.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) ः बिहार के उमगांव बासोपट्टी से तारा स्थान महिषी होते हुए सहरसा उच्चैठ भगवती स्थान से मां तारा स्थान भगवती महिषी को एक सूत्र में जोड़ने वाली जिला परिषद की सड़क संख्या 18 जिससे कोसी नदी के बीच में अवस्थित मधुबनी जिला में आठ ग्राम पंचायत, सुपौल जिला के आठ ग्राम पंचायत एवं सहरसा जिला के एक ग्राम पंचायत का दरभंगा, मधुबनी, सुपौल एवं सहरसा का सीधा जुड़ाव होता है। इस सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। इस सड़क को जिला परिषद से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर इस सड़क के निर्माण से इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं चार राजमार्ग 57, 31, 106 एवं 107 से इसका सीधा जुड़ाव हो जाएगा। इसको राजमार्ग घोषित कर सड़क निर्माण हेतु मैं माननीय मंत्री जी से पत्र के माध्यम से आग्रह कर चुकी हूँ।

अतः मैं सरकार से मांग करती हूँ कि अविलंब उक्त जिला परिषद को सड़क संख्या 18 को राजमार्ग में परिवर्तित कर इसका निर्माण कराया जाए ताकि पूरे कोसी क्षेत्र जो बाढ़ प्रभावित इलाका है, उसका जुड़ाव देश के अन्य भागों से हो सके। धन्यवाद।